**अव्यवस्था** गढ़ाफाटक, सदर, फुहारा, यादव कॉलोनी, रानीताल मार्ग सहित अन्य इलाकों में लग रहा लंबा जाम

# सड़क पर उमड़ा आस्था का सैलाब, यातायात पुलिस के सारे प्लान फेल

▶ भव्य दुर्गा प्रतिमाओं के साथ आकर्षक झांकियां कर रहीं सभी को आकर्षित



**नवभारत,जबलपुर।** नवरात्रि पर्व की अष्टमी आज है और पूरे शहर के लोग अलग-अलग स्थानों में विराजीं गईं मां भगवती की भव्य प्रतिमाओं के दर्शन के लिए सड़क पर उमड़ने लगे हैं। वहीं दुर्गा पंडालों में सजाईं गई आकर्षक झांकियों को भी देखने आस्था का सैलाब सड़कों पर उमड़ रहा है ये सैलाब आने वाले दो दिन तक और शहर में उमड़ेगा लेकिन इस सैलाब ने यातायात पुलिस के द्वारा बनाए गए पूरे प्लान फेल कर दिए हैं। गौरतलब है कि नवरात्रि के पहले यातायात पुलिस ने कागजों में कई ट्रैफिक प्लान तैयार किए थे जिससे कि शहर में कहीं भी जाम न लगे और यातायात सुचारू रूप से चलात रहे लेकिन हकीकत में इसके बिल्कुल विपरीत नजारे देखे गए। और ये परेशानी अभी थमने वाली नहीं है क्योंकि नवरात्रि की नवमीं और दशमीं के दिन इन भक्तजनों की भीड़ कई गुना और बढ़ जाएगी। वजह....शहर के अधिकांश प्रमुख इलाकों में लगने वाला लंबा जाम, जहां पैर रखने में भी जगह नसीब नहीं हो रही है। जी हां.. ये नजारा बीते दो दिनों से रात के समय गढ़ाफाटक, बड़ा फुहारा, रांझी, सदर, गढ़ा, मदनमहल, संजीवनी नगर, रानीताल, एलआईसी चौक , यादव कॉलोनी, गेट नंबर-4 , मदनमहल, पंडा की मढ़िया से पुरवा तक, गंगासागर, गढ़ा बाजार इलाके में देखा गया, जहां चंद पुलिस कर्मियों की तैनाती भी भक्तों के जाम को नहीं रोक पाई। इसके बाद दुर्गा समितियों के वालिंटियर्स ने मोर्चा संभाला और मुख्य सड़क पर मोर्चा संभालकर दोपहिया सहित अन्य वाहनों में सवार लोगों को व्यवस्थित तरीके से सड़क से गुजरने निर्देश दिए।

### ऐसा करने से मिल सकता है निजात

यातायात को सुचारू रूप से व्यवस्थित करने के लिए दुर्गा समितियों के वालंटियर्स की संख्या बढ़ाई जाए।

जहां ज्यादा जाम लग रहा है उन क्षेत्रों को चिह्नित करके क्षेत्र में कुछ दिनों के लिए वन वे ट्रैफिक कर दिया जाए। प्रतिमा-झांकी स्थल से 200 मी. दूर दो पहिया, तीन या चार पहिया वाहन रोके जाएं। वाहन पार्किंग के लिए स्थल नियत किए जाएं।

### इनकी रही उपस्थिति

जानकारी के अनुसार सबसे ज्यादा गढ़ा, संजीवनी नगर, गेट नंबर 4, पुरवा, यादव कॉलोनी, रानीताल मार्ग, कछपुरा ब्रिज के नीचे, सदर, फुहारा से मिलौनीगंज मार्ग में सुनरहाई , नुनहाई,गढ़ाफाटक, गोराबाजार इलाके में लंबा जाम लग रहा है क्योंकि इन रूटों पर आकर्षक दुर्गा प्रतिमाओं के साथ द हॉरर ट्रेन, नर्क द्वार जैसी झांकियां दुर्गा समितियों द्वारा बनाई गईं हैं जिन्हें देखने भक्तजनों का सैलाब सड़कों पर उमड़ चुका है।

# नो-एंट्री में घुसी बस,11 घायल, चार गंभीर

▶ भड़का आक्रोश, किया पथराव, गौरी तिराहा में हुआ दर्दनाक हादसा, सुरक्षा पर उठे सवाल



**जबलपुर।** सिहोरा थाना अंतर्गत गौरी तिराहा में मंगलवार रात्रि नो एंट्री में तेज रफ्तार बस घुस गई। जबकि 11 लोग घायल हो गए। हादसे से आक्रोश भड़क गया। गुस्साएं जनों ने पथराव कर दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और आक्रोशितजनों को समझाइश देती रही। बाद में घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। चार की हालत नाजुक बताई जा रही है। पर्व के दौरान नो एंट्री में बस के घुसने से सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ गए है। जानकारी के मुताबिक सिहोरा गौरी चौराहा में पर्व को लेकर भीड़ भाड़ रही। रात्रि साढ़े दस बजे तेज रफ्तार बस नो-एंट्री क्षेत्र में घुस गई बाइक को भी रौंदा। आक्रोशितजनों ने बस पर पथराव किया हादसे से मौके पर अफरा-तफरी एवं भगदड़ मच गई थी। वहीं इस हादसे से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए है।

### ये हुए घायल

हादसे में रोली सोनी, पति मनोज कुमार सोनी निवासी मझगवां, ममता कोल पति सपन कोल निवासी सिहोरा, खुशबू वंशकार निवासी कंकाली मोहल्ला, वंदना बर्मन पति कोदूलाल बर्मन, संध्या चौधरी पति कैलाश चौधरी निवासी पनागर, शिखा चौधरी निवासी उमरिया, कैलाश चौधरी, मनीष दाहिया, कोदूलाल, सोहनलाल अन्य को चोटें आई है।

### कलेक्टर-एसपी मौके पर पहुंचे

कलेक्टर एवं एसपी दुर्घटना स्थल पर पहुंच गए घायलों को मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर किया गया है। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने मेडिकल कॉलेज के चिकित्सा अधिकारियों को घायलों का समुचित उपचार करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने घायलों के उपचार की देखरेख करने मेडिकल कॉलेज में एसडीएम गोरखपुर अनुराग सिंह को उपस्थित रहने के निर्देशित किया है।

### नशे में था चालक, पूजा करने जा रहे थे श्रद्धालु

प्रारंभिक जांच में यह बात भी सामने आ रही है कि पंडाल में दुर्गा पूजा करने जा रहे लोगों को बस ने रौंदा है। बस क्रमांक एमपी 49 पी 0251 का चालक शराब के नशे में धुत था। जिसके चलते हादसा हुआ है।



## कलेक्टर-एसपी पहुंचे गौरीघाट व तिलावराघाट

**नवभारत,जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने मंगलवार को गौरीघाट एवं तिलवारा घाट पहुंचकर निरीक्षण किया। गौरीघाट में पंजाबी हिंदू एसोसिएशन द्वारा बुधवार एक अक्टूबर की शाम गौरीघाट स्थित आयुर्वेद कॉलेज ग्राउंड में पंजाबी दशहरा का आयोजन किया जायेगा। पंजाबी दशहरा आयोजन स्थल के निरीक्षण के दौरान कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने आयोजन के लिये की जा रही तैयारियों की जानकारी आयोजन समिति के पदाधिकारियों से ली। उन्होंने सुरक्षा इंतजामों, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था का जायजा भी लिया तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को भी जरूरी दिशा-निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना तिवारी एवं नगर निगम के अपर आयुक्त विद्यानन्द वाजपेयी भी मौजूद थे

### तिलवारा विसर्जन कुंड की देखी व्यवस्थायें

कलेक्टर राघवेंद्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने आज मंगलवार को तिलवाराघाट स्थित विसर्जन कुंड का निरीक्षण कर यहाँ दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिये की गई व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा के सभी जरूरी इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। प्रकाश और साफ-सफाई की पर्याप्त व्यवस्था तथा गोताखोरों की तैनाती पर भी विशेष ध्यान देने की हिदायत दी। मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता एवं अंजना तिवारी, नगर निगम से संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## मां से बिछड़ कर सड़क मार्ग पर भटक रहा था गिलहरी का बच्चा

**जबलपुर।** लम्हेटा घाट रोड पर रेवा कालोनी के पास सड़क मार्ग पर दोपहर ढाई बजे एक गिलहरी का बच्चा हताश निराश यहां वहां भटक रहा था। इस दौरान कुछ पक्षियों व्दारा उसे पकड़ने का प्रयास किया जा रहा था। तभी समीप से गुजरते हुए सर्प एवं वन्य प्राणी विशेषज्ञ गजेन्द्र दुबे की नजर उस बच्चे पर पड़ी, दुबे ने तत्काल बच्चे को उठाया और उसकी मां की तलाश की लेकिन वहां वयस्क गिलहरियां नहीं मिली वहीं डिहाइड्रेशन के कारण बच्चा शिथिल अवस्था में आ गया श्री दुबे ने उसे ड्राप के व्दारा दूध और पानी का घोल पिलाया। फिर बच्चे को घर लेकर आए और उसका प्राथमिक उपचार किया जिसके बाद बच्चा उछल कूद करने लगा।

▶ 50 लाख का गोल्ड हुआ बरामद

# बैंक डकैती : दो डकैतों समेत मददगारों को बिहार-झारखंड से पकड़ लाई पुलिस



**जबलपुर।** खितौला स्थित ईसाफ स्मॉल फायनेंस बैंक में 11 अगस्त को डकैती डालकर 14 किलो 875 ग्राम सोना और नगद 5 लाख 8 हजार रूपए रूपए लूटकर ले जाने के मामले में पुलिस ने बिहार, झारखंड में छापेमारी करते हुए 2 इनामी डकैतों, दो मद्दगारों को गिरफ्तार कर शहर लेकर आ गई। पकड़े गए आरोपियों के कब्जे से 50 लाख रुपए का सोना भी बरामद कर लिया गया हैं। यह जानकारी मंगलवार को पुलिस कंट्रोल रूम में अतिरिक पुलिस अधीक्षक क्राइम जितेंद्र सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 11 अगस्त 2025 को के सिहोरा उपसंभाग के खितौला थानांतर्गत में ईसाफ स्मॉल फायनेंस बैंक में हुई गोल्ड डकैती में शामिल सभी 5 डकैतों की पहचान कर 3 को गिरफ्तार किया गया। सभी बिहार के रहने वाले हैं एवं पूर्व से भी कई मामलों में फरार चल रहे थे। जबलपुर क्राइम ब्रांच की सभी टीमों एवं जिला पुलिस एवं एसटीएफ बिहार के सहयोग से घटना दिनांक से ही लगातार की जा रही है आरोपियों की तलाश में बिहार, झारखंड, उत्तरप्रदेश एवं राजस्थान में छापेमारी की जा रही थी। 23-24 सितम्बर को बिहार के गया जिले के डुमरिया थाना के कोलुबरा के रहने वाले जहांगीर आलम अंसारी और शेरघाटी के हरिओम ज्वेलर्स के मालिक हरिप्रसाद सोनी को गिरफतार किया गया। 28 सितम्बर को बिहार के गया जिले के आमस थाना के बेलखेड़ा गांव के रहने वाले गोलू पासवान को दबोचा गया। गोलू के एक अन्य साथी उमेश पासवान की गिरफ्तारी 19 सितम्बर को की गई है।

### बाइक, पिस्टल, जमीन खरीदी के दस्तावेज जब्त

आरोपियों से अब तक लगभग 400 ग्राम सोने के अलावा डकैती का सोना बेचकर खरीदी गई एक होंडा कंपनी की लगभग 2 लाख रुपए की मोटरसाइकिल, एक पिस्टल जिंदा कारतूस, सोना गलाने वाला गैस कटर एवं अन्य औजार और जमीन खरीदी के कुछ दस्तावेज जप्त हुए हैं जिनकी कीमत लगभग 50 लाख आंकी गई है।

### अब दो डकैत, गलाया व बेचा गया सोना की तलाश

अब पुलिस को डकैती में शामिल शेष दो डकैत एवं गलाया, बेचा गया सोने की तलाश है जिसके लिए अभी भी बिहार में टीमें लगातार ताबड़तोड़ छापे मार रही है। पुलिस महानिरीक्षक जबलपुर जोन जबलपुर प्रमोद वर्मा ने आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम को उचित पुरस्कार देने की घोषणा की है।

### गोली-जहांगीर का अपराधिक रिकॉर्ड

गिरफ्तार किए गए आरोपी गोलू पासवान और जहांगीर अंसारी का पूर्व से ही अपराधिक रिकॉर्ड है और ये लूट, डकैती जैसी कई घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं एवं कुछ में पूर्व से ही फरार चल रहे थे। कार्रवाई में अति पुलिस अधीक्षक क्राइम, उप पुलिस अधीक्षक क्राइम उदय भान, उप पुलिस अधीक्षक बरगी अंजुल अयांक मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक आदित्य सिंघारिया एसडीपीओ सिहोरा, निरीक्षक शैलेश मिश्रा समेत अन्य की अहम भूमिका रही।

### रिमांड में गोलू, तीन गए जेल

पुलिस ने जहाँगीर आलम अंसारी पिता दिलजान आलम अंसारी 48 वर्ष निवासी ग्राम कोलूबार, थाना डुमर्या जिला गया, बिहार, उमेश पासवान पिता बेनीप्रसाद पासवान 31 वर्ष निवासी ग्राम पांडेय पुरा थाना हंटरगंज जिला चतरा, झारखंड, हरिप्रसाद सोनी पिता गोपाल प्रसाद सोनी 52 वर्ष निवासी शेरघाटी थाना शेरघाटी जिला गया, बिहार, को न्यायालय के समक्ष पेश करने के बाद जेल भेज दिया है जबकि गोलू उर्फ रविकांत पासवान पिता राजाराम पासवान 24 वर्ष निवासी ग्राम बेलखेड़ा थाना अमस जिला गया, बिहार को एक दिन की रिमांड में लिया गया है।

## मालगाड़ियों से टकरायें दो युवकों की मौत

**जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत कुशनेर फाटक एवं ग्वारीघाट स्थित रेल्वे ट्रैक में मालगाडियों से टकरायें दो युवकों की मौत हो गई। एक मृतक की पहचान हो गई है जबकि दूसरी की शिनाख्त नहीं हो पाई हैं पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। पनागर पुलिस ने बताया कि मंगलवार को देवरी रेल्वे स्टेशन से प्वाइंटसमेन रोहणी पाण्डे 32 वर्ष ने सूचना दी कि सुबह लगभग 9-20 बजे कुशनेर फाटक नम्बर 327 के पास एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 40 वर्ष की मालगाडी से टकराने के कारण मौत हो गई। इसी प्रकार ग्वारीघाट थाने में रेल्वे स्टेशन ग्वारीघाट से नरेन्द्र चड़ार 38 वर्ष ने सूचना दी कि मंगलवार सुबह लगभग 8 बजे मालगाड़ी स्टेशन तरफजा रही थी तभी एक व्यक्ति रेल्वे पटरी में मालगाड़ी से कटकर खत्म हो गया है। मृतक की पहचान संतोष काछी पटेल 45 वर्ष निवासी लाईन पार दुर्गा नगर ग्वारीघाट के रूप में हुई।

# दो सूने घरों के टूटे ताले लाखों का माल ले गए चोर

**जबलपुर।** भेड़ाघाट एवं खितौला थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने दो सूने घरों में धावा बोलते हुए सोने चांदी के जेवरात, नगदी समेत लाखों का माल पार कर दिया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू कर दी है। भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि नरेन्द्र कुमार झारिया 42 वर्ष निवासी चौकीताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह आईसीएमआर-एन आईआरटीएच जबलपुर में असिस्टेंट के पद पर कार्यरत है। सोमवार रात लगभग 9-30 बजे अपनी पत्नी एंव बच्चों सहित घर चौकीताल से शहर आया था घर में ताला लगा हुआ था रात लगभग 1 बजे परिवार सहित घर वापस आया देखा दरवाजे के 2 ताले टूटे हुये थे अंदर आलमारी का लॉकर टूटा था आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवरात, नगदी 25 हजार रूपये गायब थे। इसी प्रकार खितौला थाने में श्रीमति सविता द्विवेदी 50 वर्ष निवासी पारस कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि सोमवार शाम लगभग 7 बजे अपने मकान में ताला लगाकर मां से मिलने सिहोरा चली गयी थी रात लगभग 11-15 बजे घर वापस आयी देखी घर के मेन गेट का ताला टूटा था गेट खुला था अंदर जाकर देखी कमरे का लकड़ी के दरवाजे का कुंदा के पास टूटा था अंदर जाकर देखा आलमारी टूटी थी कपड़े बिखरे हुये थे जेवरात, नगदी 11 हजार रूपये गायब थे।

### सोने का हार हुआ चोरी

माढ़ोताल थाना अंतर्गत न्यू ग्रीन सिटी चौक स्थित मकान से अज्ञात चोर सोने का हार चुराकर ले गया। पुलिस ने बताया कि दया यादव 26 वर्ष निवासी न्यू ग्रीन सिटी चौक हनुमान मंदिर के सामने माढोताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि घर ग्राम महगवां से एक पुराना हार ठीक करवाने के लिये जबलपुर अपने किराये के मकान न्यू ग्रीन

**रास्ते में वाहन रोककर रॉड-डंडे से किया हमला**

# एक्सीडेंट कर थाने ले जाने का बोल पिकअप में बैठाकर जबरदस्ती ले गया चालक

**जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत भानतलैया सरकारी स्कूल के सामने पिकअप चालक ने पहले तो बाइक सवार युवकों को टक्कर मारी जिसमें एक घायल हो गया इसके बाद पिकअप चालक थाने ले जाने का बोलकर एक युवक को पिकअप में जबरदस्ती बैठाकर ले गया और रास्ते में मंडी मदार टेकरी कब्रिस्तान के पास वाहन रोकर अपने साथियों को बुला लिया और युवक पर रॉड-डंडे से हमला कर उसे घायल कर फरार हो गया।

पुलिस के मुताबिक धर्मेन्द्र सिंह गौड निवासी ग्राम बिछिया पंचायत उमरदा मझौली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि चाचा के लडके रवि ठाकुर व दोस्त कान्हा ठाकुर के साथ मोटर साईकिल से बढी खेरमाई मंदिर हनुमानताल घूमने आये थे। शाम 5:30 बजे जैसे ही भानतलैया सरकारी स्कूल के सामने पहुंचे तभी एक पिकअप वाहन क्रमांक एमपी 20 एल ए 5890 के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर सामने से आया और टक्कर मार दिया जिससे वह और उसके दोस्त कान्हा सिंह ठाकुर,रवि ठाकुर रोड पर मोटर साईकिल सहित गिर गये,जिससे कान्हा को चोटें आई। एक्सीडेंट के बाद पिकअप वाहन चालक उसे अपने साथ थाने जाने का कहकर जबरदस्ती ले गया,रवि और कान्हा दोनों मोटर साईकिल से पीछे-पीछे आने लगे । जैसे ही कब्रिस्तान के पास पहुंचे तो वहाँ पर 02,03 लोग पहले से खडे थे पिकअप चालक ने वहाँ पर अपना वाहन रोका तो उसके अपने साथियों के साथ एक साथ मिलकर लोहे की राड,डंडे से मारपीट हमला कर दिया और भाग गया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

# अमृत फेस 2 .0 के कार्यों में प्रगति , 3 माह में होने वाले कार्यों की योजना तैयार

▶ निर्धारित समय सीमा में कार्य योजना पर किया जायेगा कार्य - शहर के नागरिकों को मिलेगा लाभ




**जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के द्वारा विगत दिवस अमृत फेस 2.0 के अंतर्गत संचालित उच्चस्तरीय पानी की टंकियों के निर्माण कार्यो, री-स्टोरेशन, पाइप लाइन का विस्तारीकरण के साथ-साथ अन्य परियोजनाओं की समीक्षा की गयी थी और संबंधित कंसल्टेंट एवं ठेकेदारों को अपेक्षित रूप से प्रगति की जानकारी नहीं देने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यो में सुधार लाने की हिदायतें दी गई थी। जिसका समीक्षा बैठक में बड़ा असर दिखाई दिया। निगमायुक्त श्री अहिरवार के द्वारा पुन: अमृत 2.0 के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिसमें आगामी 3 माह के अंदर पूर्ण करने वाले कार्यो की कार्य योजना तैयार कर प्रस्तुत की गयी तथा तब से अभी तक में आंशिक रूप से कार्यो में प्रगति हुई है कि जानकारी भी दी गयी। समीक्षा बैठक में निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने कंसल्टेंट, ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तुत कार्य योजना के अनुरूप 3 माह के अंदर कार्यो को पूर्ण कराएँ और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने पानी की टंकियों के निर्माण कार्यो के साथ-साथ री-स्टोरेशन के कार्यो को भी उच्चगुणवत्ता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिये। निगमायुक्त द्वारा आज अमृत फेस 2.0 के साथ-साथ प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन एवं अन्य विभागीय कार्यो की भी समीक्षा की गयी और सभी विभागीय प्रमुखों को विभागीय कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिये गए। बैठक में अपर आयुक्त व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, श्रीमती अंजू सिंह ठाकुर, मनोज श्रीवास्तत, उपायुक्त संभव अयाची, श्रीमती अंकिता जैन, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन, सहायक आयुक्त श्रीमती रचयीता अवस्थी, राजेश खम्परिया, जागेन्द्र सिंह, सुनील दुबे, कार्यालय अधीक्षक दिलीप दुबे आदि उपस्थित रहे।

# भूत नगरी देखने निकले निगरानी बदमाश को चाकू से गोदा

▶ मारपीट का बदला लेने वारदात

**जबलपुर।** मदनमहल थाना अंतर्गत यादव कालोनी के पास बनी भूत नगरी देखने निगरानी बदमाश पर चाकू से वार कर दिया गया हमलावरों ने पूर्व में हुई मारपीट का बदला लेने वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस ने बताया कि मोनू उर्फ मान्या ठाकुर 18 वर्ष निवासी त्रिपुरी श्याम डेरी के पास गढ़ा ने बताया कि वह मेडिकल केंटीन में काम करता है अपने साथी शमी दुबे, प्रिंस केवट, अनिल के साथ घूमने के लिये घर से निकला था गढ़ा फाटक से वापस यादव कालोनी के पास बनी भूत नगरी देखने के लिये जसलीन डेयरी के सामने रूके थे रात्रि लगभग 1-15 बजे लकी मरावी आकर उससे बोला कि 7-8 माह पहले तूने मेरे साथ मारपीट की थी जिसका बदला लूंगा कहते हुये गाली गलोज करने लगा, उसने गालियां देने से मना किया तो लकी के साथी रोहित पटैल, प्रिंस पटैल ने उसे पकड़ लिया और लकी ने उसकी हत्या करने की नियत से चाकू से हमलाकर पेट में चोट पहुँच दी, उसके साथियों ने बीच बचाव किया तो लकी मरावी अपने साथियों के साथ जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। घायल को मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया है घायल गढ़ा थाना क्षेत्र का निगरानी बदमाश है।

**स्वास्थ्य लाभ लेने सौगात, नन्हें-मुन्हें बच्चों को भी खेलने में आयेगा आनंद**

# 24 घंटे में नमो उद्यान का निर्माण कर नगर निगम रचेगा कीर्तिमान

▶ तैयारियों का महापौर-निगमायुक्त ने लिया जायजा, श्रमदान, वॉल पेंटिंग कर उकेरे आकर्षक चित्र



**जबलपुर।** स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के पूर्व नगर निगम के द्वारा 24 घंटे में नमो उद्यान का निर्माण कराने का निर्णय लिया और कार्य प्रारंभ कराकर एक कीर्तिमान रचने की ओर प्रगतिरत है, जिसका भव्य लोकार्पण आज 1 अक्टूबर को प्रात: 11 बजे किया जाकर कीर्तिमान रचा जायेगा। निर्माणाधीन नमो उद्यान के निरीक्षण के अवसर पर महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, एम.आई.सी. सदस्य विवेकराम सोनकर, डॉ. सुभाष तिवारी, वार्ड पार्षद श्रीमती अंजना मनीष अग्रहरि एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने श्रमदान कर निर्माण कार्यो में सराहनीय सहयोग प्रदान करते हुए बाउंड्रीवॉल की दीवारों पर पेंटिंग कर आकर्षक चित्रकारी का स्वरूप भी प्रदान किया। निरीक्षण के अवसर पर महापौर निगमायुक्त ने उद्यान विभाग के अमले को स्थाई एवं उत्तम ढंग से नमो उद्यान के निर्माण कार्यो को 24 घंटे के अंदर पूर्ण करने के निर्देश देते हुए गार्डन को आर्षक स्वरूप प्रदान करने के लिए कुछ टिप्स भी दिये।

### चौबीस घंटे में विकसित

महर्षि महेश योगी वार्ड में स्वच्छता पखवाड़ा के समापन के पूर्व क्षेत्रीय नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी लाभ उठाने के लिए नमो उद्यान को 24 घंटे में विकसित किया जा रहा है। जहॉ पर क्षेत्रीय नागरिकों को स्वास्थ्य लाभ के लिए पौधारोपण एवं बच्चों को खेलने-कूदने के लिए झूले, फिसल पट्टी आदि भी लगाये जा रहे हैं। इस अवसर पर संभागीय यंत्री पवन सिंह ठाकुर, उद्यान अधिकारी आलोक शुक्ला, सहायक यंत्री श्रीमती दीप्ति भनारिया, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, उपयंत्री अमन तिवारी, सौरभ त्रिपाठी, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक रविन्द्र सिंह ठाकुर, आदि उपस्थित रहे।



## प्लॉग रन: नागरिकों और व्यापारियों को दिया गया स्वच्छता का संदेश

**जबलपुर।** स्वच्छता सेवा पखवाडा 2025 के अंतर्गत महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, स्वास्थ्य प्रभारी एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती रजनी कैलाश साहू एवं निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग के स्वच्छता सेल के द्वारा जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जिसमें नागरिकों एवं व्यापारियों को स्वच्छता संबंधी संदेश प्रदान किये गए। रैली में सैंकड़ों स्वच्छता मित्रों के साथ-साथ छात्र-छात्राएँ भी शामिल हुए।स्वच्छता रैली के संबंध में उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंकिता बर्मन और स्वच्छता सेल के नोडल अधिकारी अभिन मिश्रा ने बताया की स्वच्छता सेवा पखवाडा अभियान के तहत सभी विधानसभाओं में आने वाले संभागों के वार्डो को सम्मिलित करते हुए विभिन्न तरह के जनजागरूकता अभियान करवाए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य शहर के सभी क्षेत्रों में स्वच्छ भारत मिशन एवं स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंतर्गत आने वाले विभिन्न जनजागरूकता अभियानों का व्यापक प्रचार-प्रसार करना है।